2 | फरीदाबाद
प्रदेश महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी में बना नंबर वन : हरेंद्र भाटी

6 | अभिमत
प्रकृति से निकटता मानव जीवन के लिये हितकारी

9 | देश-विदेश
मणिपुर और अरुणाचल सब के लिए कुछ भी कर सकते हैं : राहुल

11 | फीचर
राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य को रेत खनन से बचाएं एनजीटी

RNI NO. HARHIN/2018/75109
फरीदाबाद, शुक्रवार, 28 जुलाई, 2023

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



सात्विक चिराग की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंची

पेज - 12

# युवा संवाद कार्यक्रम में वाईएमसीए का साहिल प्रथम रहा

## अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में मनाया गया युवा संसद कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**अग्रवाल** महाविद्यालय में आजादी का अमृत काल महोत्सव मनाने की कड़ी में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के दिशा निर्देशन व अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. नरेंद्र कुमार प्राचार्य कन्या महाविद्यालय फरीदाबाद रहे। मुख्य अतिथि और निर्णायक मंडल का स्वागत तिलक लगाकर किया गया। इसके पश्चात दीपशिखा प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अंतर महाविद्यालयी कार्यक्रम में पांच मुख्य विषय चुने गए, जिनमें युवाओं को संवाद प्रस्तुत करने के लिए कहा गया। इन विषयों में विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी या औपनिवेशिक मानसिकता का कोई भी निशान हटा दें, हमारी विरासत पर गर्व करें, एकता और एकजुटता और नागरिकों में कर्तव्य की भावना है, मुख्य रहे। इस कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में किरण आनंद, प्रोफेसर दिव्य ज्योति और डॉ. बांके बिहारी ने मुख्य भूमिका निभाई। युवा संवाद कार्यक्रम में 10 से अधिक अलग-अलग महाविद्यालयों से प्रतिभागियों ने हिस्सेदारी दर्ज कराई और एनएसएस स्वयंसेवकों ने भी ध्यानपूर्वक इस कार्यक्रम को सुना। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. शोभना गोयल, डॉ. सुप्रिया ढांडा और डॉ. सीमा मलिक की देखरेख में कराया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत ने प्राचीन शिक्षा नीति इतिहास, गौरव को अपनाने पर बल दिया। प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों को शुभाशीष दिया और उनकी प्रशंसा की। मुख्य अतिथि ने महिला सशक्तिकरण पर बल दिया। कार्यक्रम में डॉ. केएल. कौशिक भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में जेसी बोस विधि विश्वविद्यालय के साहिल कौशिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अग्रवाल महाविद्यालय की सुजाता द्वितीय स्थान पर तथा डीएवी महाविद्यालय से दिव्या तृतीय स्थान पर रही। नेहा कौशिक केएल मेहता महाविद्यालय से और प्रगति पांडे सरस्वती महाविद्यालय को सांत्वना पुरस्कार दिए गए।